विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 12(क) | क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि नीट परीक्षा 2021 की काउंसलिंग के लिये किस एजेंसी को नामित किया गया था, और उक्त काउंसलिंग किस एजेंसी द्वारा करवाई गयी है ? | नीट परीक्षा 2021 की काउन्सिलिंग के लिये अपट्रान पॉवरट्रॉनिक्स लिमिटेड, भूतल, अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती ब्रिज, गोमती नगर, लखनऊ को नामित किया गया था, जिसके द्वारा नामित वेण्डर मेसर्स, वी-3 साफ्ट सोल्यूशन प्राईवेट लिमि0 नं0 27 सेकेण्ड फ्लोर, नियर बेरी रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 से परीक्षा की काउन्सिलिंग करायी गयी है। |
| (ख) | क्या नीट 2021 परीक्षा में हुयी अनियमितताओं के कारण जो योग्य छात्र प्रवेश पाने से वंचित रह गये हैं प्रदेश सरकार द्वारा उनके प्रवेश के लिये कोई कार्ययोजना बनायी गयी है? | प्रश्नगत प्रकरण में जॉच की कार्यवाही स्पेशल टास्क फोर्स उत्तर प्रदेश द्वारा की जा रही है, एवं प्रकरण मा0 न्यायालय मे विचाराधीन है, जिसमें पारित होने वाले अन्तिम आदेश के उपरान्त ही निर्णय लिया जाना सम्भव हो सकेगा। |
| (ग) | यदि हॉं, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्या उपरोक्त के संबंध में शीघ्र कार्यवाही कराते हुये कोई कार्ययोजना बनायेंगे? | उक्तवत् । |

**डा0 दयाशंकर मिश्र "दयालु"**
**राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**